ललितपुर, पीलीभीत और जेवर में 2350 एकड़ में फार्मा सिटी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश फार्मा और बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र का सबसे बड़ा हब बनेगा। प्रदेश सरकार पीलीभीत, ललितपुर और जेवर में देश का सबसे बड़ा फार्मा पार्क विकसित कर रही है। काम युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां सैकड़ों उद्यमियों ने निवेश करने की इच्छा जाहिर की है। यह जानकारी हाल ही में लखनऊ के बायोटेक पार्क में एडवाइजरी कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में साझा की गई। इसमें देश भर के बायोटेक और फार्मा क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए थे।

बैठक में नई फार्मा पालिसी-23 के तहत

यूपी बनेगा दवाओं का सबसे बड़ा हब, दुनिया भर में जमाएगा धाक

भारत सरकार को बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूपी की भूमिका पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों को बताया गया कि सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास 350 एकड़ में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क विकसित कर रही है, जहां 100 से ज्यादा उद्योग स्थापित होंगे। इसी तरह बल्क ड्रग्स स्टार्टिंग मैटेरियल और एक्टिव फार्मास्यूटिकल के निर्माण के लिए ललितपुर में 2000 एकड़ में अत्याधुनिक फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है। देश इसके निर्माण से विदेशों से आयात होने वाले उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा। भारत उपकरण और दवाओं का निर्यात कर सकेगा। भारत को विश्व में दवाओं की कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले विश्व फार्मेसी के लिए जाना जाता है। यहां से करीब दो सौ देशों को दवा सप्लाई की जाती है। सरकार पीलीभीत में अत्याधुनिक बायोटेक पार्क बना रही है। इसके निर्माण से देश फर्मेंटेशन पर आधारित वस्तुओं के आयात को कम कर सकेगा। ब्यूरो